# हिंदी विवि में मनाई जयपाल सिंह मुंडा की जयंती

## आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत है जयपाल सिंह मुंडा : प्रो. एल. कारुण्यकरा



वर्धा, दि. 5 जनवरी 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर 3 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के निदेशक एवं संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एल. कारुण्यकरा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी समाज को आधुनिकता का रास्ता दिखाया है। वे आदिवासी समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपनी भाषा और संस्कृति के साथ-साथ उच्च शिक्षा लेनी चाहिए ताकि समाज आधुनिकता की ओर बढ़ सकें।

इस अवसर पर केंद्र के शिक्षक डॉ. बालाजी चिरडे, भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एच. ए. हुनगुंद, हिंदी साहित्य विभाग के डॉ. उमेश कुमार सिंह, भारतीय भाषा विभाग के डॉ. राम कृपाल, डॉ. किरन कुंभरे ने जयपाल सिंह मुंडा के जीवन संघर्ष पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पल्लवी मोरे, श्रीलेखा कुमारी, आरती, शशिकांत भारती, महेंद्र सिंह लोधी, चंद्र मणि राय, आशी, डॉ. सुकेशनी थोरात, विजय कुंभरे सहित अन्य विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफ ऑनलाइन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सिंह फकलियाल किया तथा डॉ. बालाजी चिरडे ने आभार ज्ञापित किया।